VISM GROUP OF STUDIES
GWALIOR • MP • INDIA

VISM GROUP OF STUDIES
VISM CAMPUS: Turari, NH-75, Jhansi Road, Gwalior (M.P.)
website: www.vismgwalior.com | Email : vism_gwalior@rediffmail.com
Ph: 0751-2970027 | Fax : 0751-2970023

दिनांकः– 11 / 007 / 2023

व्हीआईएसएम में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस

व्हीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्ट्डीज के अन्तर्गत संचालित जय इंस्टीटयूट ऑफ नर्सिंग एण्ड रिसर्च में आज दिनांक 11 / 7 / 2023 को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुई । कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के छात्र–छात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागियों ने विश्व जनसंख्या दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों के प्रति ध्यान खीचा। उन्होंने बताया कि आज हम विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश है । आधुनिक समय में अधिक जनसंख्या को प्रगति के लिये बोझ न मानते हुए अधिक कामगार युवा शक्ति के रूप में देखा जा रहा है। आज हमारी अधिक जनसंख्या होने के बाद भी हम अपनी मानव शक्ति का अधिक कुशलता से उपयोग करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के आयाम गण रहें है। दुनिया को हमने कई डाक्टर्स, इंजीनियर, वैज्ञानिक दिए है जो विभिन्न देशो के उच्च पदो पर कार्य कर रहें है और शोध कार्य कर रहें है। दरअसल हमने अपनी जनसंख्या का उपयोग " वसुधेव कुटुम्बकमः " की भावना को आगे रखते हुए किया है। यह सही है कि अधिक जनसंख्या होने से कई युवा रोजगार से वंछित रह जाते है किन्तु इसका उपयोग वे नए स्टार्टअप प्रांरभ करने एवं नए – नए प्रयोग करने में लगा रहें है। प्रतियोगिता के निर्णायको ने बीएससी नर्सिंग सत्र 2022–23 के छात्र आकाश साहू को प्रथम स्थान, बीएससी नर्सिंग सत्र 2020–21 के छात्र रामशंकर पाठक को द्वितीय स्थान एवं सत्र 2019–20 के छात्र शुभम मिश्रा को तृतीय स्थान के योग्य पाया। विजेताओं को ग्रप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह ने पुरस्कार एवं प्रशस्ती पत्र प्रदान किये । इस अवसर पर नर्सिंग प्राचार्या सहित समस्त स्टॉफ एवं छात्र–छात्राऐं उपस्थित रहें।

VISM
11 JULY
WORLD
POPULATION
DAY
VISM